हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शुक्रवार 16 जनवरी 2026

9 घनी धुंध में सुबह व रात के समय बढ़ रहा हादसों का खतरा



10 शिमला जितना ठंडा फतेहाबाद, न्यूनतम पारा 4 डिग्री से नीचे



## खबर संक्षेप

### हेरोइन तस्करी के मुख्य सप्लायर को किया काबू

**फतेहाबाद।** हेरोइन तस्करी के एक मामले में कार्रवाई करते हुए थाना शहर टोहाना पुलिस ने मुख्य सप्लायर को काबू किया है। इससे पहले इसी मामले में एक आरोपी को पहले ही काबू किया जा चुका है। थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि 11 दिसंबर 2025 को थाना शहर टोहाना पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी, जिसके आधार पर की गई कार्रवाई में आरोपी रामफल के कब्जे से 7.69 ग्राम हेरोइन बरामद की गई थी।

### दहेज उत्पीड़न मामले में आरोपी को पकड़ा

**फतेहाबाद।** घरेलू हिंसा व दहेज उत्पीडऩ के एक मामले में कार्रवाई करते हुए महिला थाना फतेहाबाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान विनोद कुमार पुत्र जगदीश चंद्र निवासी धर्मगढ़, रेर कलां, जिला पानीपत के रूप में हुई।महिला थाना फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक अरुणा ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच अमल में लाई गई।

### मारपीट करने के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** कार सवार युवक से मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवकों की पहचान संजय कुमार पुत्र उदयवीर और सन्नी कुमार पुत्र उदयवीर निवासी अशोक नगर फतेहाबाद के रूप में हुई है।

### अवैध निर्माण को जेसीबी की मदद से गिराया

**टोहाना।** जिला नगर योजनाकार विभाग की टीम द्वारा शहर के भूना रोड पर किए अवैध निर्माण पर कार्रवाई करते जेसीबी की मदद से गिराया गया। इस दौरान किसी भी तरह के विरोध से निपटने के लिए पुलिस प्रशासन मौजूद रहा। कार्रवाई के दौरान जिला नगर योजनाकार राज कीर्ति तथा डयूटी मजिस्ट्रेट के तौर पर पंचायती राज के एसडीओ करमचंद मौजूद रहे। जिला नगर योजनाकार ने बताया कि जिले में किसी भी तरह की अवैध कॉलोनी को विकसित नहीं होने दिया जाएगा।

### मकर संक्रांति पर लगाया भंडारा

**सिरसा।** अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा की ओर से मकर संक्रांति के पावन पर्व व महासभा के चौथे स्थापना दिवस पर भगवान परशुराम चौक के निकट बेगू रोड पर भंडारा लगाया गया। जिलाध्यक्ष मनीष गुप्ता ने कहा कि महासभा की स्थापना के तीन वर्ष पूरे हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि महासभा का गठन समाजसेवी कार्यों के लिए किया गया था, जिसके तहत जरूरतमंदों की सहायता, पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधे रोपित करना, रक्तदान शिविर व लंगर-भंडारे लगाए जा रहे हैं।

## जिस विभाग का रोड होगा उसी को देना होगा खर्चा

# सड़क के बीच में आने वाले बिजली पोल और कम ऊंचाई वाली लाइनें होंगी शिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

**सभी उपमंडल अभियंताओं को पत्र लिखकर निर्देश दिए**

दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा सड़कों के बीच में आ रहे बिजली पोल व लटकती तारों को हटाया जाएगा। इस संदर्भ में निगम के एसई, ऑपरेशन फतेहाबाद ने सभी उपमंडल अभियंताओं को पत्र लिखकर निर्देश दिए हैं। पत्र में कहा गया है कि सभी एसडीओ ऐसे सभी खतरनाक स्थानों की समय-समय पर पहचान करेंगे और निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार खंभों के स्थानांतरण और विद्युत लाइनों की ऊंचाई सुनिश्चित करेंगे। जिला फतेहाबाद में विभिन्न सरकारी एजेंसियों व विभागों द्वारा सड़क चौड़ीकरण या नई सड़क निर्माण के चलते कई स्थानों पर बिजली के खंभे मुख्य मार्गों के बीच आ गए हैं। सामान्यतः ऐसे खंभों को संबंधित एजेंसियों द्वारा जमा लागत पर हटाया जाना चाहिए लेकिन कई स्थानों पर अब तक ये खंभे यथावत खड़े हैं, जिससे आमजन और वाहनों के आवागमन में बाधा उत्पन्न होती है। विशेषकर रात्रि और कोहरे के मौसम में इनके कारण गंभीर दुर्घटनाएं होने की आशंका रहती है। बार-बार सड़क निर्माण कार्यों के कारण विद्युत लाइनों की ऊंचाई भी कम हो जाती है, जिससे हादसे की संभावना बढ़ जाती है। बिजली निगम को जहां भी खंभे हटाने या लाइन की ऊंचाई सुनिश्चित करने की जरूरत होगी, एसडीओ ऑपरेशन डिपॉजिट एस्टीमेट तैयार कर सक्षम अधिकारी से स्वीकृत करवाएंगे। इसके बाद संबंधित विभाग एनएचएआई, पीडब्ल्यूडी, बीएंडआर, नगर परिषद, मार्केटिंग बोर्ड, पंचायत आदि को 15 दिनों के भीतर लागत जमा कराने का नोटिस दिया जाएगा। यदि विभाग 15 दिन में राशि जमा नहीं करता तो 5 लाख रुपये तक के कार्य एसडीओ ऑपरेशन जनहित में तुरंत करवाएंगे और खर्च की राशि संबंधित विभाग के बिजली बिल में जोड़कर वसूल की जाएगी।



फतेहाबाद। सड़क के बीचों-बीच लगे पोल व भट्टू रोड स्थित बिजली घर।




### विभाग को भेजा जाएगा डिपॉजिट एस्टीमेट

बिजली पोल या लाइनें जहां सडक़ों के बीच में हैं या ऊंचाई कम है, उनको दुरुस्त करवाया जाएगा। इसका डिपॉजिट एस्टीमेट बनाकर संबंधित विभाग को भेजा जाएगा जिसकी सड़क है। 5 लाख रुपये तक के काम निगम करवा देगा और यह राशि संबंधित विभाग के बिल में जोड़ी जाएगी। इससे अधिक राशि के कार्य के लिए विभागों से संपर्क किया जाएगा।

**-अशोक कुमार**, एक्सईएन डीएचबीवीएन फतेहाबाद

### फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी भी होगी

*निर्देशों में कहा गया है कि जिन जगहों पर 5 लाख रुपए से अधिक के कार्य को ऑपरेशन के कार्यकारी अभियंता नोडल अधिकारी के रूप में मामले को संबंधित विभागों के साथ बैठकों व रिमाइंडर के माध्यम से उठाएंगे। कार्य तभी किया जाएगा जब विभाग राशि जमा कर देगा। कार्य से पहले और बाद की फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी के साथ तारीख, समय और जियो लोकेशन का रिकॉर्ड रखना अनिवार्य होगा। एसडीओ ऑपरेशन को संबंधित अवसंरचना का जीआईएस मैपिंग अपडेट सुनिश्चित करना होगा।*



फतेहाबाद। कार्यवाहक डीसी से मिलने पहुंचे पंचायत समिति भट्टू के सदस्य।

# भट्टू पंचायत समिति चेयरपर्सन की कुर्सी का फैसला 22 को

- अविश्वास प्रस्ताव पर की जाएगी वोटिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

जिले की भट्टूकलां पंचायत समिति के चेयरपर्सन ज्योति लूणा की कुर्सी बचेगी या जाएगी, इसका फैसला 22 जनवरी को होगी। पंचायत समिति के 21 में से 17 सदस्यों द्वारा बगावत करने के बाद कार्यकारी उपायुक्त अनुराग ढालिया ने 22 जनवरी को दोपहर 12 बजे मीटिंग बुलाई है। लघु सचिवालय फतेहाबाद में होने वाली इस मीटिंग में अविश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग होगी। 22 जनवरी की तारीख की घोषणा के साथ ही दोनों पक्ष जोड़-तोड़ में शुरू हो गए हैं। चेयरपर्सन पक्ष जहां नाराज सदस्यों को अपने पक्ष में करने की कोशिशों में लग गया है वहीं विपक्षी सदस्य एकजुट होने की बात कहकर हर साल में चेयरपर्सन को पद से हटाने की बात कह रहे हैं। बता दें कि भट्टू पंचायत समिति 21 में से 17 सदस्यों ने मंगलवार को कार्यवाहक डीसी अनुराग ढालिया से मुलाकात कर अविश्वास प्रस्ताव पर जल्द मीटिंग बुलाने की मांग की थी। बगावत करने वाले पार्षदों में वाइस चेयरमैन बंसीलाल, सदस्य अनु सरबटा, कविता, विनोद गुज्जर, प्रवीन गोदारा, प्रवीन तरड़, राजेश धतरवाल, राजेश शर्मा, नरेश राड़, गोविंद भादु, सुनीता दैयड़, बिस्पति देवी, सुरेश कला, उर्मिला सिंवर, सतीश कुमार, विजेंद्र सिंह व मनीता रानी शामिल हैं। विरोध सदस्यों का नेतृत्व कर रहे वाइस चेयरमैन बंसी लाल को पूर्व विधायक दुड़ाराम का समर्थक माना जाता है। बता दें कि, इससे पहले भी 31 दिसंबर 2024 को चेयरपर्सन ज्योति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर मीटिंग बुलाई गई थी।

### अजा महिलाओं के लिए पद आरक्षित

भट्टू पंचायत समिति की चेयरपर्सन का पद अनुसूचित जाति की महिला के लिए आरक्षित है। अगर ज्योति लूणा अपनी कुर्सी नहीं बचा सकी तो उनके स्थान पर अनुसूचित जाति की ही किसी दूसरी महिला सदस्य को मौका मिलेगा। बताया जाता है कि दुड़ाराम समर्थक अनु सरबटा को इस पद पर बिठाने के लिए सदस्यों को राजी किया गया है। अब 22 जनवरी को होने वाली बैठक पर सभी की निगाहें टिकी हैं, जहां यह तय होगा कि भट्टू पंचायत समिति की कमान ज्योति लूणा के हाथ में रहेगी या उन्हें पद से हाथ धोना पड़ेगा।

# गंदा पानी जमा होने से परेशानी

- ओढ़ा में बस स्टैंड के नजदीक नाला ओवरफ्लो

हरिभूमि न्यूज ⏭ ओढां

ओढ़ा में बस स्टैंड के नजदीक गंदे पानी का नाला ओवरफ्लो होने के कारण सड़क पर गंदा पानी फैल गया है। जिसके कारण बस स्टैंड में आने जाने वाले यात्रियों को भारी परेशानी हो रही है। ग्रामीण मदन लाल, धर्मपाल, रवि कुमार, तरसेम कुमार, ऑटो चालक सुखदेव सिंह, प्रेम कुमार, बादल, राजवीर सिंह आदि ने बताया कि नैशनल हाईवे पर जब से मुख्य मार्ग के साथ-साथ पानी निकासी नाला बना तब से लेकर आज तक इसकी सिर्फ एक बार सफाई हुई है। उन्होंने बताया कि आधे गांव के घरों का पानी इस नाले से होकर जोहड़ में जाता है। बस स्टैंड के पास बनी पुलिया की सफाई नही होने के कारण गंदा पानी सडक़ पर फैल जाता है जिस कारण बदबू फैल रही है व मच्छर पैदा हो रहे है और बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है।



सिरसा। ओढ़ा बस स्टैंड के पास जमा गंदा पानी। *फोटो: हरिभूमि*

# पुशअप कर नशे से दूर रहने के लिए किया प्रेरित

- अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पावर लिफ्टिंग में नाम कमा चुके संदीप कुमार ने निकाली अनोखी यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतिया

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पावर लिफ्टिंग में नाम कमा चुके रतिया के गांव फुलां के रहने वाले खिलाड़ी संदीप कुमार ने अपने बेटे के साथ रतिया क्षेत्र के युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने हेतु एक अनोखी यात्रा निकाली। सरदूलगढ़ कैंची से लेकर नए बस स्टैंड तक शहर भर में पुशअप करते उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहकर शरीर को खेलों व अन्य शारीरिक गतिविधियों की तरफ प्रेरित किया ताकि युवा वर्ग अपने शरीर को नशे में नष्ट न कर खेलों व अन्य माध्यम से शरीर को हष्ट पुष्ट बनायें।



रतिया। शहर में पुशअप यात्रा निकालते खिलाड़ी संदीप कुमार। *फोटो: हरिभूमि*

### शरीर को मिलती हैं उर्जा

संदीप कुमार ने बताया कि वह पावरलिफ्टिंग के खिलाड़ी हैं इसलिए उन्हें पता है कि पुशअप व अन्य एक्सरसाइज करने से शरीर में एक विशेष तरह की एनर्जी आती है, तथा इसी तरह से योग व अन्य शारीरिक गतिविधियां करने से व्यक्ति के शरीर में एनर्जी बनी रहती है। उन्होंने कहा कि जो युवा नशा करते हैं उनको चाहिए कि वह नशे से दूर हो कर और शारीरिक गतिविधियों में भाग लेते हुए विभिन्न खेलों योग की तरफ अपने आप का मन लगाएं। अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी संदीप कुमार की इस अनोखी यात्रा की शहर भर में सराहना की जा रही है।

# हादसे में घायल बच्ची ने दम तोड़ा, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ टोहाना

**रामभवन इलाके में देर रात हुआ था हादसा**

शहर के रामभवन इलाके में लोहड़ी की रात हुए सड़क हादसे में घायल 5 महीने की बच्ची की वीरवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। इस मामले में थाना शहर पुलिस ने तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने के आरोप में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दुर्घटना में बच्ची सहित पांच लोग घायल हुए थे। यह घटना सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई थी, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।

### गाड़ी ने मारी थी टक्कर

शहर पुलिस को दी शिकायत में शिकायतकर्ता मडिया गली निवासी अजय ने पुलिस को बताया कि वह अपने परिवार के साथ गाड़ी में घर लौट रहा था, तभी भाटिया नगर की ओर से आई ब्लैक वेन्यू कार ने उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी। थाना शहर प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि 13 जनवरी को रामभवन के पास सड़क दुर्घटना की सूचना मिली थी।

# स्वयं सहायता समूह की महिलाएं जाचेंगी पेयजल

- जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के साथ मिलकर सौंपी गई जिम्मेदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

अमृत मित्र योजना के अंतर्गत शहर में स्वयं सहायता समूह की महिलाएं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के साथ मिलकर पेयजल की जांच का कार्य करेगी। फतेहाबाद और टोहाना शहर में संगम सेल्फ हेल्प ग्रुप फतेहाबाद व डेविड सेल्फ हेल्प ग्रुप टोहाना की मीना रानी को इस कार्य के लिए लगाया गया है। अभियान को लेकर विभाग के जिला सलाहकार शर्मा चंद लाली ने बताया कि सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाओं ने सैंपलिंग, लिकेज, असुरक्षित कनेक्शनों को ढूंढने का कार्य शुरू कर दिया है।



फतेहाबाद। पेयजल सैंपलिंग करती स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाएं।

### मिलेगा रोजगार

उन्होंने बताया कि स्वयं सहायता समूह की महिलाएं जिन लीकेज में अस्वच्छ कनेक्शन की सूचना ऑनलाइन करेगी, संबंधित जेई एवं उपमंडल अभियंता की आईडी पर भी सांझा की जाएगी। अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर उन समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करना होगा। लाली ने बताया कि इन प्रयासों से जहां शहर में पेयजल की गुणवत्ता में सुधार होगा वहीं महिलाओं को रोजगार भी मिलेगा। यह योजना महिला सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। साथ ही उपस्थित महिलाओं को पेयजल में क्लोरीन जांच की विधि के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया।

# विजिलेंस को सौंपी पब्लिक हेल्थ विभाग की गड़बड़ियों की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ रानियां

**सीएम ने 15 दिन में जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए**

जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के रानियां कार्यालय में अनियमितताओं की शिकायत को प्रदेश के मुख्यमंत्री ने बेहद गंभीरता से लिया है। सीएम नायब सैनी के आदेश पर अनियमितताओं की जांच विजिलेंस को सौंपी गई है और 15 दिन के अंदर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। शिकायतकर्ता गौरव मेहता ने पब्लिक हेल्थ विभाग रानियां कार्यालय में अनियमितताओं बारे 8 अप्रैल 2025 को सीएम विंडो के माध्यम से शिकायत की थी।

### सीएम से की मुलाकात

*रानियां क्षेत्र के सभी एमिनेंट पर्सन ने भाजपा नेता ठाकुर भगवत सिंह के नेतृत्व में चंडीगढ़ जाकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात की और उन्हें संबंधित विभाग के अधिकारियों की कार्यप्रणाली से अवगत करवाया। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग को उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए और 7 जनवरी 2026 को विभाग ने जांच विजिलेंस को सौंपी और निर्देश दिए कि 15 दिन में जांच रिपोर्ट एटीआर पर अपलोड की जाए।*

**विकास** हर गांव और शहर में पानी की लीकेज को चिह्नित कर कराया जाएगा ठीक

# जल संरक्षण अभियान: असुरक्षित और अवैध कनेक्शनों पर जन स्वास्थ्य विभाग की सख्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा फतेहाबाद जिले के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में जल संरक्षण अभियान चलाया जाएगा। अभियान के दौरान जिले के हर गांव और शहर में जितनी भी लिकेज व असुरक्षित कनेक्शन है उनको चिह्नित करके ठीक करवाया जाएगा। इसके साथ साथ जिन भी उपभोक्ताओं का बिल बकाया है और यदि अपना बकाया बिल नहीं भरते है तो उनके खिलाफ भी विभागीय कार्रवाई की जाएगी।



फतेहाबाद। जल संरक्षण अभियान को लेकर अधिकारियों की बैठक लेते एसडीओ सतपाल रोज।

### स्वच्छ जल मुहैया करवाना उद्देश्य

विभाग के जिला सलाहकार शर्मा चंद लाली ने कहा कि यह अभियान जिले के सभी शहरों व सभी ग्राम पंचायतों में चलाया जाएगा ताकि सभी को स्वच्छ जल मुहैया करवाया जा सके। उन्होंने कहा कि पीने के पानी से संबंधित जो भी समस्याएं हैं उन सभी समस्याओं को चिह्नित करके तुरंत प्रभाव से ठीक किया जाएगा। इसके साथ विभाग के कर्मचारी घर घर जाकर उन घरों को भी चिह्नित करेंगे जिन घरों में पीने के पानी के नलों पर बंद करने वाली टेप नहीं लगी हुई ताकि उन सभी घरों में टेप लगवाई जा सके और जिन घरों में पीने का पानी नहीं पहुंचता उन घरों में पीने का पानी पहुंच सके। इस मौके पर शमशेर सिंह, मदन लाल, राकेश कुमार खंड संयोजक, पृथ्वी सिंह, कुलदीप सिंह अमित कुमार, नीरज कुमार, तरुण मेहता व विभाग के अन्य कर्मचारी भी शामिल थे।

# पपीहा पार्क में सफाई की मांग

- एसडीएम ने समाधान शिविर में सुनीं लोगों की शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

लघु सचिवालय स्थित सभागार में वीरवार को एसडीएम राजेश कुमार ने समाधान शिविर की अध्यक्षता करते कहा कि जनता की शिकायतों का समयबद्ध और प्रभावी समाधान कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार की पहल पर जिला एवं उपमंडल स्तर पर प्रत्येक सोमवार व वीरवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक लगाए जा रहे समाधान शिविर आमजन की शिकायतों का समाधान करवाने में महत्वपूर्ण साबित हो रहे हैं। समाधान शिविर में सभी संबंधित विभागों के अधिकारी मौके पर उपस्थित रहते हैं जिस कारण नागरिकों को एक ही स्थान पर अपनी शिकायतों व समस्याओं का समाधान करवाने का अवसर मिल रहा है।



फतेहाबाद। समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनते हुए एसडीएम राजेश कुमार। *फोटो: हरिभूमि*

## खबर संक्षेप

### पगड़ी संभाल जट्टा किसान यूनियन की मीटिंग संपन्न

**रतिया।** पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति रतिया ब्लॉक की मीटिंग किसान रेस्ट हाउस में हुई। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक-1 प्रधान नाहर सिंह खाई और ब्लॉक-2 के प्रधान गुरलाल सिंह ने की। इस मीटिंग में मुख्य वक्ता के तौर पर प्रदेश अध्यक्ष मनदीप सिंह और ओम प्रकाश ने भाग लिया। प्रदेश अध्यक्ष मनदीप सिंह ने कहा कि 27 जनवरी को कामरेड जगमाल सिंह की बरसी पर शहीद भगत सिंह के भांजे जगमोहन सिंह, कुलवंत सिंह संधू, एडवोकेट उमेद सिंह पूर्व विधायक मुख्य वक्ता होंगे। 18 जनवरी को कर्जा मुक्ति अभियान के तहत पद यात्रा अहरवा गांव से शुरू की जाएगी जो हंसगा गांव में समाप्त होगी।

### शहीद हुए सैनिकों की शहादत को किया नमन

**टोहाना।** सेवा भारती द्वारा डॉ शिव सचदेवा की अध्यक्षता में आर्य समाज मंदिर स्थित स्वामी दयानंद चिकित्सालय प्रांगण में भारतीय थल सेना दिवस पर भारतीय सेना के शहीद हुए जांबाज सैनिकों की शहादत को नमन किया गया तथा 2 मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। इस दौरान भारतीय सेना को उनकी शूरवीरता पर शुभकामनाएं प्रेषित की गई। डॉ. शिव सचदेवा ने कहा कि भारतीय थल सेना विश्व की उत्कृष्ट व सबसे सर्वोच्च सेना है जिस पर हमें नाज है।

### डीडीपीओ ने सुनीं जनसमस्याएं

**सिरसा।** स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में गुरुवार को आयोजित समाधान शिविर में जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी बलजीत सिंह चहल ने आमजन की शिकायतें सुनी और विभागों को जल्द समाधान के निर्देश दिए। डीडीपीओ बलजीत सिंह चहल ने अधिकारियों से कहा कि समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों के प्रति संबंधित विभाग जवाबदेह है और समयबद्ध ढंग से समस्या का निराकरण किया जाना चाहिए। समाधान शिविर में कोई भी व्यक्ति शिकायत दे, तो उसे यह भी बताया जाए कि उसकी शिकायत किस विभाग के पास जा रही है। जब भी शिकायत आए तो संबंधित विभाग उस पर तत्काल संज्ञान लें और समस्या के निपटारे की जानकारी शिकायतकर्ता को दी जानी चाहिए।

### पीएम विश्वकर्मा मेला 23 से बाल भवन में

**सिरसा।** भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विकास कार्यालय, करनाल द्वारा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों के लिए सिरसा में तीन दिवसीय भव्य प्रदर्शनी एवं मेला 23 से 25 जनवरी तक स्थानीय बाल भवन में आयोजित किया जाएगा। इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को एक ऐसा मंच प्रदान करना है जहां उन्हें पहचान मिल सके और उनके द्वारा निर्मित उत्पादों की बिक्री बढ़ सके। मेले में कुम्हार, दर्जी, मोची, पेंटर, सुनार, मालाकार के साथ-साथ गुडिय़ा, चटाई, टोकरी और खिलौने बनाने वाले शिल्पकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। प्रदर्शनी में भाग लेने वाले लाभार्थियों को निशुल्क स्टॉल उपलब्ध करवाए जाएंगे।

## नागरिकों से अपील, कोहरे के दौरान वाहन की गति रखें नियंत्रित

# घनी धुंध में सुबह व रात के समय बढ़ रहा हादसों का खतरा, बरतें सावधानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद



पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रतिदिन जारी की जा रही एडवाइजरी की कड़ी में वीरवार को एसपी ने बढ़ती धुंध को लेकर वाहन चालकों से सावधानी बरतने की अपील की। सर्द ऋतु के आगमन के साथ ही जिले में घनी धुंध का प्रभाव लगातार बढ़ रहा है, जिससे सडक़ दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ जाती है। इसी के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने आमजन के लिए महत्वपूर्ण पुलिस एडवाइजरी जारी करते हुए सभी नागरिकों से सतर्कता बरतने की अपील की है। एसपी का कहना है कि धुंध के समय दृश्यता अत्यंत कम हो जाती है, ऐसे में थोड़ी-सी लापरवाही भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। उन्होंने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा फतेहाबाद पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए जन-सहयोग अत्यंत आवश्यक है।

एसपी ने वाहन चालकों से अपील की है किफॉग लाइट व डिपर लाइट का सही प्रयोग करें। आगे चल रहे वाहन से सुरक्षित दूरी बनाए रखें। अचानक ब्रेक लगाने से बचें। दोपहिया वाहन चालक हेलमेट व रिफ्लेक्टर जैकेट का प्रयोग अवश्य करें। उन्होंने पैदल यात्रियों से अपील की कि सडक़ पार करते समय विशेष सावधानी बरतें तथा अंधेरे व धुंध में चमकीले या रिफ्लेक्टर युक्त कपड़े पहनें। ग्रामीण क्षेत्रों में ट्रैक्टर-ट्रॉली व अन्य वाहनों पर रिफ्लेक्टर अनिवार्य रूप से लगवाने की सलाह भी दी गई। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि फतेहाबाद पुलिस धुंध के मौसम को देखते हुए एनएच, स्टेट हाईवे और संवेदनशील मार्गों पर गश्त, चेकिंग और ट्रैफिक मैनेजमेंट को और सुदृढ़ कर रही है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत सहायता उपलब्ध कराई जा सके। एसपी सिद्धांत जैन ने कहा, आपकी थोड़ी-सी सावधानी न केवल आपकी, बल्कि दूसरों की जान भी बचा सकती है। नियमों का पालन करें और सुरक्षित रहें। किसी भी आपात स्थिति में डायल 112 पर तुरंत संपर्क करें।



रतिया। वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाते रतिया थाना प्रभारी। फोटो : हरिभूमि

### रतिया पुलिस ने सुरक्षा के लिए वाहनों पर लगाए रिफ्लेक्टर

*रतिया। रतिया पुलिस ने आज धुंध के मौसम में सडक़ सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान चलाया। अभियान के दौरान वाहन चालकों को ट्रैफिक नियमों का पालन करने और दुर्घटनाओं से बचने के लिए आवश्यक कदम उठाने के बारे में जागरूक किया गया। इस मौके पर वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगवाए गए, ताकि धुंध में वाहन आसानी से दिखाई दें और सडक़ दुर्घटनाओं का जोखिम कम हो। थाना शहर रतिया प्रभारी महिला निरीक्षक पुष्पा ने बताया कि पुलिस टीम ने सुबह से लेकर शाम तक मुख्य सडक़ मार्गों, स्कूल और व्यस्त बाजारों के आसपास वाहन चालकों के बीच यह जागरूकता अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी वाहन चालकों को धुंध और खराब दृश्यता की स्थिति में सुरक्षित ड्राइविंग के तरीके और ट्रैफिक नियमों का पालन करने की जानकारी दी जाए। टीम ने चालकों को हेलमेट, सीट बेल्ट, फॉग लाइट और रिफ्लेक्टर के उपयोग के महत्व के बारे में भी बताया। अभियान के दौरान कुल 150 वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाए गए और 300 से अधिक लोगों को सडक़ सुरक्षा नियमों और ट्रैफिक जागरूकता के संबंध में जानकारी दी गई। पुलिस टीम ने यह भी सुनिश्चित किया कि वाहन चालकों को दुर्घटना से बचने के लिए सावधानी बरतनी चाहिए और अपने वाहन का समय-समय पर निरीक्षण करते रहें।*



सिरसा। महिला रोगियों की जांच करते चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

## शिविर के चौथे दिन महिला रोग विशेषज्ञों ने की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

डेरा सच्चा सौदा की ओर से शाह सतनाम जी महाराज के अवतार माह के उपलक्ष्य में लगाए जा रहे स्वास्थ्य जांच शिविर में वीरवार को शाह सतनाम जी स्पेशलिटी अस्पताल में महिलाओं के लिए विशेष रूप से स्त्री रोग जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान महिलाओं की विभिन्न स्त्री रोगों से संबंधित समस्याओं की गहनता से जांच की गई। जांच उपरांत चिकित्सकों द्वारा महिलाओं को उनकी स्वास्थ्य समस्याओं के अनुसार उचित परामर्श दिया गया तथा आवश्यक सावधानियों की जानकारी भी दी गई। शिविर में बड़ी संख्या में महिलाओं ने पहुंचकर चिकित्सा सुविधा का लाभ उठाया। शिविर में दिल्ली से डा. अनुराधा शर्मा, डा. सोनम नैन,डा. बिंदू, सिरसा से डा. दिव्या, श्रीगंगानगर से डा. रीता बेदी, सरहंद से डा. सोनिया चोपड़ा तथा शाह सतनाम जी स्पेशलिटी अस्पताल सिरसा की स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. मन्नू सिंगला ने सेवाएं दीं। चिकित्सकों ने महिलाओं को नियमित स्वास्थ्य जांच, संतुलित आहार, स्वच्छता तथा समय पर उपचार के महत्व के बारे में भी जागरूक किया।

### मसीत वाले गुरुद्वारा साहिब में श्री अखंड पाठ का डाला भोग

**रतिया।** गांव नागपुर स्थित मसीत वाले गुरुद्वारा साहिब में आज श्री अखंड पाठ साहिब जी का भोग डाला गया। भोग के उपरांत गुरु का अटूट लंगर चलाया गया। सेवादारों ने बताया कि गुरुद्वारा साहिब में हर साल समस्त गांववासियों के सहयोग श्री अखंड पाठ साहिब जी का प्रकाश करवाया जाता है। इस बार भी 13 जनवरी को श्री अखंड पाठ साहिब जी का प्रकाश किया गया था। जिसका आज भोग डाला गया। भोग के बाद संगत के लिए लंगर चलाया गया। इस अवसर पर निखिल कुमार, नवीन कुमार, रमन कुमार, भुवनेश, सचिन, बंटी मैहता, विपिन, शुभम, हरबंस सिंह, कपिल तनेजा, पंकज तनेजा, सचिन तनेजा, अंकुश, रजत तनेजा, महेंद्र तनेजा, सूरज तनेजा, सुरेंद्र मेहंदीरता पंच आदि मौजूद थे।




सिरसा। ट्रेनर छात्राओं को आर्टिफिशियल ज्वेलरी बनाना सिखाते हुए।

## आर्टिफिशियल ज्वेलरी बनाने की सिखाई तकनीक

- राजकीय महिला महविद्यालय में चार दिवसीय आर्टिफिशियल ज्वेलरी कार्यशाला का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

राजकीय महिला महविद्यालय सिरसा में महिला प्रकोष्ठ व एनएसएस इकाई की ओर से चार दिवसीय आर्टिफिशियल ज्वेलरी कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। कॉलेज प्रेस प्रवक्ता डॉ. कपिल सैनी ने बताया कि इस कार्यशाला में रिया सिसोदिया ने ट्रेनर के रूप में भाग लिया, जिन्होंने विभिन्न प्रकार की आर्टिफिशियल ज्वेलरी बनानी सिखाई। इस कार्यशाला में छात्राओं ने कानों की तरह-तरह की बालियां, अनुपयोगी वस्तुओं के झुमके, मंगलसूत्र, पायल, अंगूठी, हाथों के कंगन तथा ब्रेसलेट आदि बनाने सीखे।

### डिजिटल स्पेस विषय पर सेमिनार 22 को

**सिरसा।** राजकीय नेशनल महाविद्यालय सिरसा में द्वारा डिजिटल स्पेस ए चेंजिंग लैंडस्केप ऑफ नरेटिवज विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार 22 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। महाविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी प्रो. रमेश सोनी ने बताया कि यह सेमिनार उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा प्रायोजित है तथा डिजिटल युग में साहित्यिक अभिव्यक्ति, कथ्य-विन्यास और नैरेटिव संरचनाओं में हो रहे मौलिक परिवर्तनों के अकादमिक अध्ययन पर केंद्रित है। यह सेमिनार महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. हरजिंद्र सिंह की अध्यक्षता में होगा जिसमें शैक्षणिक एवं प्रशासनिक समन्वय में डॉ. सत्यपाल, डॉ मीत, महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### मासूम बच्चों की किलकारी को अनसुना कर प्रेमी संग गई तीन बच्चों की मां, थाने में भावुक माहौल

**भूना।** खंड भूना के एक गांव से सामने आई यह घटना हर किसी को भावुक कर देने वाली है। शादीशुदा महिला, जो तीन मासूम बच्चों की मां है, थाना परिसर में रोते-बिखलते बच्चों को छोड़कर अपने प्रेमी के साथ जाने की जिद पर अड़ी रही। परिजन, रिश्तेदार और मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी बच्चों की हालत देखकर भावुक हो गए, लेकिन इश्क में डूबी महिला ने किसी की एक न सुनी।जानकारी के अनुसार खंड भूना के एक गांव की रहने वाली महिला की करीब आठ साल पहले हिसार जिले के एक गांव में शादी हुई थी। महिला के तीन बच्चे हैं, जिनमें 6 वर्षीय बेटा, 4 वर्षीय बेटी और 2 वर्षीय बेटा शामिल है। महिला का आरोप है कि जिला हिसार के गांव निवासी उसका पति उसके साथ मारपीट करता था। इसी कारण करीब दो महीने पहले वह ससुराल छोड़कर मायके आकर रहने लगी थी।

## यातायात नियमों का पालन न करना दुर्घटनाओं का कारण : सैनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा वीरवार को रानियां बाजार स्थित रेडक्रॉस भवन के में राष्ट्रीय सडक़ सुरक्षा माह के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव लाल बहादुर ने बताया कि 31 जनवरी तक राष्ट्रीय सडक़ सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। इसके तहत आमजन को सडक़ सुरक्षा के लिए जागरूक किया जा रहा है। जागरूकता कार्यक्रम में सहायक सचिव गुरमीत सिंह सैनी द्वारा प्रोफेशनल प्राथमिक सहायता का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षणार्थियों को बताया कि दुर्घटनाओं का मुख्य कारण यातायात नियमों का पालन न करना है। उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति को यातायात नियमों का पालन करने के लिए शपथ दिलवाई। कार्यालय क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण के सहायक सचिव राकेश शर्मा द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को वाहन चलाते समय सीट बेल्ट/हेलमेट का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कभी भी गाड़ी चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करें तथा ना ही शराब पीकर गाड़ी चलाएं ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सके। उन्होंने बताया कि आजकल धुंध का मौसम है इसलिए गाड़ी पर पीली लाइट तथा गाडिय़ों पर रिफलैक्टर भी लगवाना सुनिश्चित करें ताकि हम सुरक्षित यात्रा कर सकें। इस अवसर पर कार्यालय क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकारण के ट्रांसपोर्ट सब इंसपैक्टर नरेंद्र हुड्डा, सुनैना, ख्वाहिश, प्रोमिला तथा रेडक्रॉस की प्राथमिक सहायता प्रवक्ता संतोष रानी, टैक्नीकिल को-ओडिर्टनेटर रजत बंसल व अजीत सिंह भी उपस्थित थे।



सिरसा। राष्ट्रीय सडक़ सुरक्षा माह के तहत जागरूकता कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों को जागरुक करते हुए। फोटो : हरिभूमि




सिरसा। कार्यक्रम में भाग लेने वाले स्वयंसेवकों को सम्मानित करते हुए।

### राष्ट्रीय सेवा योजना का शिविर संपन्न

**सिरसा।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बप्पां में जारी राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय शिविर वीरवार को संपन्न हुआ। शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने स्वच्छता अभियान, जागरूकता कार्यक्रम, योग, ध्यान, सामाजिक सेवा एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में भाग लिया। समापन समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुतियां दी। भाग लेने वाले स्वयंसेवकों को पेपर, बोर्ड, पेन, रजिस्टर, मोमेंटो तथा मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। विशेष रूप से प्रियांशु और हरमन को बेस्ट वॉलंटियर अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सरपंच ममता रानी, एसएमसी प्रधान सीता रानी, डॉ. दीपेश तलवार तथा मोहनलाल आदि गणमान्य मौजूद थे। कार्यक्रम अधिकारी नरेश कुमार ग्रोवर ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। सरपंच ममता रानी ने विद्यार्थियों को निरंतर आगे बढ़ते रहने और समाज सेवा की भावना को बनाए रखने का संदेश दिया। एसएमसी प्रधान सीता रानी ने भी बच्चों को अनुशासन, संस्कार और सेवा के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। डॉ. दीपेश तलवार ने कहा कि बड़ा बनने से पहले अच्छा इंसान बनना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों में संवेदनशीलता, अनुशासन और राष्ट्रसेवा की भावना विकसित करती है। उन्होंने कहा कि वे जहां भी जाएं, अपने विद्यालय और समाज का नाम रोशन करें। कार्यक्रम अधिकारी नरेश कुमार ग्रोवर ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करें बैंक: एसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डबवाली

डबवाली की पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर ने वीरवार को बैंक अधिकारियों की बैठक ली और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए। एसपी ने सुरक्षा व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक बैंक व एटीएम परिसर के अंदर व बाहर पुलिस विभाग के महत्वपूर्ण संपर्क नंबरों की सूची स्पष्ट रूप से प्रदर्शित की जाए। साथ ही बैंक के अधीन आने वाले सभी सीएससी केंद्रों पर अनिवार्य रूप से सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। बैंकों में हाई रेजोल्यूशन सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं, जिनमें कम से कम 90 दिनों की रिकॉर्डिंग सुरक्षित रहे। कैमरों के डीवीआर इस प्रकार के सुरक्षित स्थान पर स्थापित किए जाएं कि किसी भी आपराधिक घटना के दौरान आरोपी उन्हें नुकसान न पहुंचा सके। साथ ही डाटा संग्रहण के लिए क्लाउड स्टोरेज का उपयोग किया जाए, जिससे डाटा चोरी या नष्ट होने की संभावना को कम किया जा सके। एसपी ने कहा कि उच्च गुणवत्ता वाली सीसीटीवी फुटेज से अपराधियों की पहचान करने एवं उन्हें शीघ्र गिरफ्तार करने में पुलिस को मदद मिलती है। बैंकों में आपराधिक घटनाओं की रोकथाम के लिए बैंक प्रबंधन का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। बैंक में कार्यरत कच्चे कर्मचारियों व सुरक्षा गार्डों का पुलिस सत्यापन अनिवार्य रूप से करवाया जाए तथा सुरक्षा गार्ड से संबंधित सम्पूर्ण जानकारी नजदीकी थाना में उपलब्ध करवाई जाए, ताकि आपात स्थिति में त्वरित समन्वय किया जा सके। बिना पूर्ण व सत्यापित दस्तावेजों के किसी भी प्रकार का बैंक खाता न खोला जाए। उन्होंने बैंक अधिकारियों से गोल्ड लोन देते समय सोने की खरीद संबंधी कागजात पूर्ण रूप से चेक करने कहा जिससे चोरी के सोने पर गोल्ड लोन लेने वालों पर शिकंजा कसा जा सके।



डबवाली। बैंक अधिकारियों की बैठक लेती एसपी निकिता खट्टर।

### छुट्टी के दिन कर्मचारी की लगाए ड्यूटी

*बैंक अधिकारियों को छुट्टी के समय बैंक में कर्मचारी की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए ताकि बैंको में छुट्टी के दिन होने वाली सेंधमारी की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। बैंकों में सुरक्षा मानकों की समय-समय पर समीक्षा की जाए। कैश के आवागमन के दौरान सभी निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाए तथा अधिक मात्रा में नकदी ले जाते समय पुलिस कंट्रोल रूम को पूर्व सूचना दी जाए, जिससे समय पर सुरक्षा उपलब्ध करवाई जा सके। एटीएम मशीनों में निर्धारित समय अनुसार ही कैश लोड किया जाए, बैंकों का अलार्म सिस्टम पूरी तरह दुरुस्त रखा जाए तथा जहां नकदी रखी जाती है वहां अतिरिक्त सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित हों। एटीएम परिसरों में सुरक्षा गार्ड के साथ-साथ उच्च गुणवत्ता के सेंसर लगाए जाएं*

## साइकिल पर भारत भ्रमण कर रहे सुभाष ने एसपी से की मुलाकात

### अयोध्या में एक और ऐतिहासिक पड़ाव पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा।

पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम से प्रभावित होकर देशभर में साइकिल यात्रा करने वाले सुभाष चंद्र वीरवार को पुलिस अधीक्षक सिरसा के कार्यालय में पहुंच कर एसपी दीपक सहारन से मुलाकात कर सिरसा पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम से जुडक़र सक्रिय भूमिका निभाने का आश्वासन दिया। सुभाष चंद्र ने पुलिस अधीक्षक से मुलाकात करते हुए बताया कि वे अब तक देश के 22 राज्यों में करीब 25 हजार किलोमीटर की साइकिल यात्रा पूरी करते हुए युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक किया है। एसपी दीपक सहारन ने बताया कि साइकिल यात्रा पर निकले सुभाष चंद्र सिरसा पुलिस की मुहिम से प्रभावित होकर सिरसा को नशा मुक्त करने के लिए साइकिल यात्रा के जरिए पूरे सिरसा जिला के गांव-गांव शहर-शहर में हर घर नशा मुक्ति का संदेश देंगे। उन्होंने कहा कि साइकिल यात्रा का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रखकर समाज में एक साकारात्मक संदेश देना,ताकि युवा पथ भ्रष्ट न होकर समाजहित के कार्यों में अपना अहम योगदान दें सकें। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन ने कहा कि नशा समाज में एक गंभीर चिंता का विषय है,इसलिए समाज से नशे को जड़मूल से समाप्त करने के लिए सामाजिक संस्थाओं,युवा कल्बों,ग्राम पंचायतों व अन्य संस्थाओं को आगे आकर सिरसा को नशामुक्त करने में अपनी अहम भूमिका निभानी चाहिए।



सिरसा। एसपी से मुलाकात करते साइकिल यात्री सुभाष चंद्र।

**संघर्ष** मजदूरों को फर्जी साबित करके सरकार श्रम कल्याण बोर्ड खत्म कर रही : अनेजा

# निर्माण मजदूर कल से डालेंगे कैबिनेट मंत्री रणवीर गंगवा के आवास पर महापड़ाव

- प्रदर्शन में फतेहाआद से सैंकड़ों निर्माण मजदूर भाग लेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

प्रदेशभर के निर्माण मजदूर अपनी मांगों को लेकर 17 व 18 जनवरी को कैबिनेट मंत्री रणवीर सिंह गंगवा के हिसार स्थित आवास पर रोष प्रदर्शन करते हुए महापड़ाव डालेंगे। इस प्रदर्शन में फतेहाआद जिले से भी सैंकड़ों निर्माण मजदूर भाग लेंगे। यह बात भवन निर्माण कामगार यूनियन के जिला कैशियर मुकेश डुल्ट व जिला सचिव ओमप्रकाश अनेजा ने प्रदर्शन की तैयारियों को लेकर चलाए जा रहे जनसम्पर्क अभियान के दौरान ग्रामीण बैठकों को संबोधित करते हुए कही। यूनियन नेताओं ने आज जिला के भुना ब्लॉक के गांव धोलू, टिब्बी, ढाणी डुल्ट, डुल्ट व बुआन में निर्माण मजदूरों और मनरेगा मजदूरों की बैठक ली और प्रदर्शन में भाग लेने का निमंत्रण दिया।



### 14 दिसंबर को सीएम आवास पर किया था प्रदर्शन

भवन निर्माण कामगार यूनियन नेताओं ने बताया कि 14 दिसंबर को निर्माण मजदूरों ने कुरुक्षेत्र में मुख्यमंत्री आवास पर प्रदर्शन किया था। इस पर मुख्यमंत्री के ओएसडी ने 15 दिन में निर्माण मजदूरों की समस्याओं का समाधान का आश्वासन दिया था, मगर एक महीना बीत जाने के बावजूद आज तक निर्माण मजदूरों की मांगो व समस्याओं का समाधान नही किया गया हैं। दूसरी ओर श्रममंत्री अनिल विज ने श्रम कल्याण बोर्ड में फर्जी वर्कस्लिप का हवाला देकर 95 प्रतिशत निर्माण मजदूरों को फर्जी बताया हैं। इस पर मुख्यमंत्री ने संज्ञान लेते हुए जांच का आदेश दिया हैं। उन्होंने कहा कि 2005 में बने मनरेगा कानून का नाम बदलकर वीबी जी राम जी करके सरकार ने मनरेगा कानून को खत्म करने का काम किया हैं। भाजपा सरकार के मजदूर विरोधी निर्णयों के चलते निर्माण व मनरेगा मजदूरों में रोष बना हुआ हैं। भाजपा भ्रष्टाचार के बहाने से निर्माण मजदूरों के बोर्ड को खत्म करना चाहती हैं। सरकार की ऑनलाईन नीति व भ्रष्ट अधिकारियों को वर्क स्लिप वैरिफिकेशन का काम देकर सरकार ने ही श्रम कल्याण बोर्ड में भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया हैं। सरकार आज भी भ्रष्ट अधिकारियों व दलालों पर कार्रवाई करने की बजाय वर्कस्लिप के आधार पर बहुमत निर्माण मजदूरों को फर्जी घोषित करके श्रम कल्याण बोर्ड को खत्म करने पर तुली हुई हैं, जिसको निर्माण मजदूर किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेंगे। मीटिंगों में ओम प्रकाश, सुभाष धोलू, सतीश, सुल्तान टिब्बी, राम लाल, ब्रह्मकुमार, लालाराम, प्रमोद कुमार ढाणी डुल्ट, सतपाल, रामनिवास डुल्ट आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप


फतेहाबाद। कंबल वितरण के लिए पहुंचे क्लब सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### रोटरी क्लब डायनेमिक ने कंबल वितरित किए

**फतेहाबाद।** रोटरी क्लब डायनेमिक फतेहाबाद द्वारा मकर संक्रांति के अवसर पर फतेहाबाद सिविल अस्पताल में कंबल वितरित किए गए। क्लब द्वारा गर्भवती महिलाओं और उनके परिजनों को कंबल बांटकर उनके स्वास्थ्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर सीएमओ डॉ. बुधराम, एसएमएमओ डॉ. गुंजन, आरएमओ डॉ. रशीद, डॉ जय प्रकाश, डॉ हिमांशु, रामरती एसएनओ, विनोद एसएनओ व विपिन के अलावा फतेहाबाद डायनेमिक प्रोजेक्ट चेयरमैन मेजर डॉ. शरद तुली, क्लब के प्रधान केतन मिढ़ा, सचिव डॉक्टर पंकुश अरोड़ा, कैशियर हिमांशु गेरा, कनिष्क बत्रा मौजूद रहे।

### हेरोइन सहित दो युवक गिरफ्तार, केस दर्ज

**सिरसा।** पुलिस ने गश्त के दौरान बिजलीघर के समीप से दो युवकों को 8 ग्राम 340 मिलीग्राम हेरोइन सहित काबू किया है। आरोपी की पहचान कुलदीप सिंह उर्फ काला पुत्र सुखमंदर सिंह निवासी गांव कालांवाली रुप में हुई। आरोपी के खिलाफ थाना कालांवाली में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला कर जांच शुरू की गई। आरोपी से की गई प्रारंभिक पूछताछ के आधार पर पुलिस टीम ने अपने महत्वपूर्ण सुराग जुटाते हुए इस नशा तस्करी नेटवर्क के मुख्य आरोपी हरमीत सिंह पुत्र अंग्रेज सिंह निवासी गयाना जिला बठिंडा पंजाब को गांव कालांवाली से गिरफ्तार कर लिया गया।

### चेक बाउंस में वांछित महिला आरोपी गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने चेक बाउंस मामले में वांछित महिला को गिरफ्तार कर किया है। पीओ स्टाफ प्रभारी जनक राज ने बताया कि अदालत द्वारा आरोपी को बार-बार नोटिस देने पर भी आरोपी महिला अदालत में हाजिर नही हुई। अदालत के आदेशों की अवहेलना करने पर अदालत ने आरोपी महिला रुपा रानी को 8 अक्तूबर 2025 को पीओ घोषित किया था। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार की गई महिला आरोपी के खिलाफ थाना सिविल लाइन सिरसा में बीएनएस की धारा 209 के तहत मामला दर्ज कर जांच पीओ स्टाफ सिरसा को सौंपी गई थी।

### नवनियुक्त बीईओ का स्वागत किया

**रतिया।** रतिया के नवनियुक्त खंड शिक्षा अधिकारी शशिप्रकाश की नियुक्ति पर गांव जल्लोपुर स्थित आरोपी मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के स्टाफ सदस्यों ने खुशी जताई है। विद्यालय के स्टाफ सदस्यों ने बीईओ शशिप्रकाश से मुलाकात कर उनका स्वागत किया वहीं प्रमोशन पर उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ से अंशुल कुमार, राजकुमार, अमनदीप सिंह, डॉ. दलवीर, अमरदीप सिंह, कर्मवीर, डॉ. पूनम, गुरमीत कौर, सुनीता रानी, अंजू जिंदल व अन्य मौजूद रहे।

# शिमला जितना ठंडा रहा फतेहाबाद न्यूनतम पारा 4 डिग्री से नीचे आया

## पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी का असर मैदानी इलाकों तक पहुंचा

- कोहरे और बादलवाही के बाद अब बारिश के आसार, रेल व सड़क यातायात प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

मकर संक्रांति के अगले दिन फतेहाबाद शिमला से ज्यादा ठंडा रहा। फतेहाबाद में वीरवार को न्यूनतम तापमान 3.6 डिग्री रहा, तो शिमला में रात का पारा 4 डिग्री रहा, जो जमाव बिंदु के पास पहुंच गया है। फतेहाबाद में अधिकतम तापमान 15.3 डिग्री रहा तो शिमला का दिन का पारा 15 डिग्री दर्ज किया गया। बुधवार की रात और वीरवार सुबह यहां घना कोहरा छाया रहा। हालांकि वीरवार को निकली तेज धूप ने लोगों को ठंड से कुछ राहत प्रदान की। मौसम विभाग ने 19 जनवरी से बारिश की संभावना जताई। दरअसल 16 व 17 को क्षेत्र में दो पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहे हैं, जिससे बादलवाई व शीत लहर चलेगी, जिससे दिन का तापमान में कमी तो रात का तापमान बढ़ सकता है। 14 जनवरी की रात को पंजाब की ओर से आए पश्चिमी विक्षोभ के असर से हवाओं की दिशा उत्तरी हो गई थी। इस वजह से पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी का सीधा असर मैदानी इलाकों में पहुंच गया। तभी से लगातार दिन व रात के तापमान में गिरावट आना शुरू हो गई थी। वीरवार सुबह लोग जागे तो घने कोहरे से सामना हुआ। शीतलहर ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। सुबह करीब 11 बजे के बाद धीरे-धीरे कर कोहरा छंटना शुरू हो गया और धूप खिल आई। इससे लोगों ने राहत की सांस ली। वीरवार को अधिकतम तापमान 3.2 डिग्री बढ़कर 15.3 और रात का पारा गिरकर 3.6 डिग्री तक पहुंच गया।



फतेहाबाद। ट्रेनें लेट होने से जाखल रेलवे स्टेशन पर यात्री दिखे कम तथा वीरवार को घने कोहरे से ढकी फसलें। फोटो : हरिभूमि

### धुंध के कारण ट्रेनें देरी से चल रही

घनी धुंध का असर सडक़ व रेल यातायात पर भी पड़ रहा है। जिले के प्रमुख जाखल जंक्शन से गुजरने वाली अधिकतर ट्रेनें कई-कई घंटें देरी से पहुंच रही है। इस कारण रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों का इंतजार करते यात्री ठंड से ठिठुरते देखे जा सकते हैं। इसके अलावा रोडवेज बसें भी अपने निर्धारित समय से देरी से चल रही है। धुंध के कारण सडक़ों पर विजिबिलिटी काफी कम है, जिस कारण बसों की गति धीमी पड़ी है। बसें लेट होने से यात्री भी परेशान हैं। यात्रियों को घंटों तक बस स्टैण्ड पर बसों का इंतजार करना पड़ रहा है।

### धीरे-धीरे बढ़ेगा रात का पारा

आईएमडी के अनुसार शनिवार तक फिलहाल शीतलहर का चलना जारी रहेगा। 16 व 17 जनवरी को क्षेत्र में दो पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहे हैं, जिससे बादलवाई व शीत लहर की संभावना जताई गई है, जिससे दिन का तापमान में कमी तो रात का तापमान बढ़ सकता है। हिमाचल की पहाडिय़ों में चल रही शीत लहर और नमी से रात्रि को ठंड ज्यादा बढ़ जाती है। इस कारण तापमान में गिरावट आ रही है। वीरवार रात को पारा बढना शुरू हो सकता है। रविवार तक रात का पारा 10 से 11 डिग्री तक पहुंच सकता है। मौसम विभाग ने 19 जनवरी सोमवार से बारिश की संभावना जताई। इससे पूर्व घना कोहरा छा सकता है। सोमवार से आसमान साफ होने की उम्मीद बन रही है।

# प्रदेश के युवाओं से अन्याय कर रहा एचपीएससी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

- एचपीएससी चेयरमैन का पुतला फूंका

हरियाणा लोक सेवा आयोग (एचपीएससी) में पदों को जानबूझकर खाली छोड़े जाने और अनुसूचित जाति (एससी) व पिछड़ा वर्ग (बीसी) की आरक्षित पोस्ट न भरे जाने के मुद्दे को लेकर गुरुवार को हरियाणा युवा कांग्रेस ने सिरसा के कांग्रेस भवन के बाहर विरोध प्रदर्शन किया और एचपीएससी चेयरमैन का पुतला फूंक कर भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष निशित कटारिया ने कहा कि भाजपा सरकार जानबूझकर भर्ती प्रक्रिया को कमजोर कर रही है और पदों को खाली छोडक़र युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। कटारिया ने कहा कि आज सरकार इस आंदोलन को केवल हरियाणवी बनाम बाहरी के मुद्दे तक सीमित करने की कोशिश कर रही है, जबकि असली और बड़ा मुद्दा यह है कि योग्य उम्मीदवारों के होते हुए भी हजारों पद खाली छोड़े जा रहे हैं।


सिरसा। एचपीएससी चेयरमैन का पुतला फूंकते कांग्रेस कार्यकर्ता।

उन्होंने स्पष्ट किया कि यह सिर्फ प्रशासनिक चूक नहीं, बल्कि एक सोची-समझी नीति है। उन्होंने आरोप लगाया कि सबसे गंभीर स्थिति एससी और बीसी वर्ग की आरक्षित पोस्ट को लेकर है, जिन्हें लगभग शून्य के बराबर भरा गया है। युवा कांग्रेस नेता ने कहा कि भाजपा सरकार खुद को दलितों और पिछड़ों की हितैषी बताती है, लेकिन हकीकत यह है कि वही सरकार आरक्षण की हत्या कर रही है। जिससे युवा परेशान है।

### युवा कांग्रेस ने प्रदर्शन किया

युवा प्रदेश अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से सीधे सवाल पूछते हुए कहा कि एससी और बीसी के योग्य कैंडिडेट होने के बावजूद पोस्ट खाली क्यों हैं? एक ओबीसी मुख्यमंत्री के रहते पिछड़े वर्ग की भर्तियां क्यों नहीं की जा रहीं? उन्होंने 35 प्रतिशत कट-ऑफ को आरक्षण खत्म करने का हथियार बताते हुए कहा कि यह व्यवस्था मेरिट के नाम पर दलित-पिछड़े युवाओं के साथ अन्याय है। युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार से जवाब मांगते हुए चेतावनी दी कि यदि जल्द ही खाली पद नहीं भरे गए और आरक्षित वर्ग को उनका संवैधानिक अधिकार नहीं मिला, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।


फतेहाबाद। पुलिस लाइन में सूर्य नमस्कार करते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### पुलिस लाइन में सूर्य नमस्कार अभ्यास किया

**फतेहाबाद।** पुलिस लाइन फतेहाबाद में वीरवार सुबह सूर्य नमस्कार अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस कर्मचारियों और अधिकारियों में स्वास्थ्य, फिटनेस और मानसिक ताजगी को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में योग शिक्षक सुरेंद्र कुमार ने सूर्य नमस्कार के विभिन्न आसनों और तकनीकों की जानकारी दी और उपस्थित कर्मचारियों को उन्हें सही ढंग से करने का प्रशिक्षण दिया। आयुष विभाग के सहयोग से आयोजित इस अभियान में पुलिस लाइन के सभी अधिकारी और कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी दिखाई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने कहा कि पुलिस कर्मियों की शारीरिक और मानसिक फिटनेस उनके कर्तव्यों के निर्वाह के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने नियमित योगाभ्यास को जीवनशैली का हिस्सा बनाने और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने पर जोर दिया।

### बैंक के सुरक्षाकर्मी पर लाखों का डीजल चोरी करने का आरोप

**सिरसा।** एचडीएफसी बैंक शाखा के सुरक्षा गार्ड पर करीब दो लाख से ज्यादा कीमत का डीजल चोरी करने के आरोप लगे हैं। पुलिस को दी शिकायत में बॉपराइस मार्शल सिक्योरिटी प्राइवेट लि. में एरिया मनैजर सुरेंद्र कुमार ने बताया कि उनकी कंपनी द्वारा एचडीएफसी बैंक सिरसा शाखा की सुरक्षा व्यवस्था प्रदान की जाती है। उनके संज्ञान में आया कि उक्त बैंक शाखा के परिसर में स्थापित डीजी सेट से डीजल चोरी की घटना हुई है। बीती 17 दिसंबर को नियमित जांच के दौरान डीजी रोट के डीजल स्तर में अस्तगम्य कमी पाई गई। शिकायत में एरिया मैनेजर ने बताया, इस बारे में जांच की, ड्यूटी रिकॉर्ड एवं उपलब्ध तथ्यों के आधार पर स्पष्ट हुआ कि बैंक में तैनात सुरक्षा गार्ड वीरेंद्र कुमार द्वारा ड्यूटी के दौरान जानबूझकर डीजी सेट से डीजल चोरी की गई है।

# ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में बिजली कर्मचारी 22 को करेंगे भूख हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

- कर्मचारियों ने बैठक कर बनाई रणनीति

बिजली कर्मचारियों द्वारा ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में 22 जनवरी को एक्सईएन कार्यालय पर भूख हड़ताल की जाएगी। इससे पूर्व 19 जनवरी को बिजली कर्मचारी डीसी कार्यालय पर प्रदर्शन कर 12 फरवरी को होने वाली हड़ताल का नोटिस देंगे।

यह निर्णय ऑल हरियाणा पॉवर कॉरपोरेशन वर्कर्स यूनियन फतेहाबाद यूनिट की आज यूनियन कार्यालय में हुई बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता यूनिट प्रधान अमित शर्मा ने की व संचालन यूनिट सचिव रामनिवास शर्मा ने किया। बैठक में बिजली कर्मचारियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। मीटिंग में जहां कर्मचारियों की मांगों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई वहीं आगामी आंदोलनों की तैयारियों को लेकर विचार विमर्श हुआ। इस मौके पर पदाधिकारी मौजूद रहे।


फतेहाबाद। प्रदर्शन की तैयारियों को लेकर चर्चा करते ऑल हरियाणा पॉवर कॉरपोरेशन वर्कर्स यूनियन के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### इन मांगों पर मंथन

मीटिंग को संबोधित करते हुए सर्कल सचिव भूप सिंह व अमित शर्मा ने बताया कि सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा व अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर हाईकोर्ट के आदेश अनुसार कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, पुरानी पेंशन बहाल करने, पब्लिक सैक्टर को बचाने सहित अन्य मांगों को लेकर 12 फरवरी को राष्ट्रव्यापी हड़ताल की जाएगी। इस हड़ताल में बिजली कर्मचारी भी बढ़चढ़ कर भाग लेंगे। हड़ताल को लेकर 18 जनवरी को डीसी कार्यालय पर रोष प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बाद 22 को ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में प्रदर्शन करेंगे।

# एएसआई अमीलाल पदोन्नत एसपी ने स्टार लगाकर दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

पुलिस विभाग में उत्कृष्ट कार्य, अनुशासन तथा निरंतर बेहतर प्रदर्शन को देखते हुए सहायक उपनिरीक्षक अमीलाल को उपनिरीक्षक यानि एसआई पद पर पदोन्नत किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने उन्हें बधाई देते हुए कंधों पर स्टार लगाकर सम्मानित किया। पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धांत जैन ने इस अवसर पर कहा, अमीलाल जैसे समर्पित, ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी हमारे विभाग की बड़ी ताकत हैं। उनके निरंतर उत्कृष्ट कार्य और अनुशासन ने उन्हें इस पदोन्नति का पूर्णतः अधिकारी बनाया है। मुझे पूरा विश्वास है कि वे नई जिम्मेदारियों का भी पूरी निष्ठा, ईमानदारी और तत्परता के साथ निर्वहन करेंगे। पदोन्नत अधिकारी अमीलाल ने पुलिस अधीक्षक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पदोन्नति उन्हें और अधिक निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा प्रदान करेगी। इस अवसर पर उपस्थित अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों एवं सहकर्मियों ने भी अमीलाल को पदोन्नति पर शुभकामनाएं दी।


फतेहाबाद। पदोन्नति पर एसआई अमीलाल को स्टार लगाकर सम्मानित करते एसपी। फोटो : हरिभूमि

### सुरजीत सिंह रेणू का निधन अपूरणीय क्षति

- साहित्यिक व सामाजिक संगठनों ने शोक जताया

**सिरसा।** विभिन्न साहित्यिक व सामाजिक संगठनों ने प्रलेस हरियाणा राज्य इकाई के वित्त सचिव सुरजीत सिंह रेणू के असामयिक निधन पर शोक व्यक्त किया है। हरियाणा पंजाबी साहित्य अकादमी द्वारा हरियाणा गौरव के सम्मान से सम्मानित व प्रलेस राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य रहे हरियाणा के प्रगतिवादी पंजाबी कवि स्व. हरिभजन सिंह रेणू के छोटे पुत्र सुरजीत सिंह रेणू साहित्यिक, सामाजिक सांगठनिक सरोकारों के प्रति समर्पित थे। उनके निधन पर प्रलेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष पी. लक्ष्मी नारायणा, कार्यकारी अध्यक्ष विभूति नारायणराय, महासचिव डॉ. सुखदेव सिंह सिरसा, वित्त सचिव डॉ. सरबजीत सिंह, महासचिव डॉ. पंधेर, का. स्वर्ण सिंह विर्क, डॉ. हरविंद्र सिंह सिरसा, डॉ. पाल कौर, प्रो. हरभगवान चावला, डॉ. रतन सिंह ढिल्लों, तनवीर, प्रो. गुरदेव सिंह देव, डॉ. गुरप्रीत सिंह सिंधरा, डॉ. शेर चंद, परमानंद शास्त्री, सुरजीत सिंह सिरड़ी ने कहा है कि सुरजीत सिंह रेणू के निधन एक बड़ी क्षति है।

# कृषि यंत्रों का 20 से दोबारा किया जाएगा भौतिक सत्यापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में व्यक्तिगत श्रेणी में किसानों द्वारा सब्सिडी पर खरीदी गई फसल अवशेष प्रबंधन मशीनों का पुनः भौतिक सत्यापन 20 से 22 जनवरी तक निदेशालय द्वारा निर्धारित तिथियों में सुबह 10 बजे से दोपहर बाद 3 बजे तक किया गया है। यह सत्यापन उन मशीनों का होगा जिनका भौतिक सत्यापन पहले एक बार हो चुका है। सहायक कृषि अभियंता पवन कुमार ने बताया कि 20 जनवरी को खंड टोहाना, जाखल व भूना के किसानों के कृषि यंत्र सुपर सीडर का अनाज मंडी धारसूल कलां, खंड रतिया, नागपुर व भूना के किसानों अनाज मंडी रतिया तथा खंड फतेहाबाद, भट्टू कलां व भूना के किसानों का सिटी पुलिस स्टेशन सेक्टर 10 फतेहाबाद में पुनः भौतिक सत्यापन किया जाएगा। 21 जनवरी को खंड टोहाना, जाखल व भूना के किसानों के कृषि यंत्र स्ट्रा बेलर व स्ट्रा रेक के लिए अनाज मंडी धारसूल कलां, रतिया, नागपुर व भूना के लिए अनाज मंडी रतिया तथा फतेहाबाद, भट्टू कलां व भूना के लिए सिटी पुलिस स्टेशन सेक्टर 10 फतेहाबाद तथा 22 जनवरी को खंड टोहाना, जाखल व भूना के किसानों के विभिन्न मशीनें जैसे स्वयं चालित रीपर कम बाइंडर, टेडर मशीन, पैडी स्ट्रा चोपर व लोडर मशीन के लिए अनाज मंडी धारसूल कलां, खंड रतिया, नागपुर व भूना के किसानों का अनाज मंडी रतिया तथा खंड फतेहाबाद, भट्टू कलां व भूना में संपर्क कर सकते है।


सिरसा। गोशाला में श्रमदान करते हुए स्वयंसेवक।

### एनएसएस स्वयंसेवकों ने गोशाला में श्रमदान किया

**सिरसा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रामपुरा ढिल्लों में सात दिवसीय एनएसएस शिविर के 5वें दिन का शुभारंभ ईश वंदना, राष्ट्रगान, लक्ष्य गीत से हुआ। एनएसएस कार्यक्रम प्रभारी अनिल कुमार प्रवक्ता अंग्रेजी ने बताया कि 5वें दिन स्वयंसेवकों ने गांव की गौशाला में श्रमदान किया। उन्होंने बताया कि स्वयंसेवकों ने गौशाला में साफ-सफाई की और गौवंश को हरा-चारा व गुड़ भी खिलाया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता और गो सेवा भारतीय संस्कृति की पहचान है, जिन्हें जीवनशैली का हिस्सा बनाना चाहिए। अनिल कुमार ने स्वयंसेवकों को गौसेवा का महत्व बताते हुए कहा कि गौसेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं है।

**कृषि** इफको कागदाना में किसानों को नई तकनीकों के लिए प्रेरित किया

# किसान गोष्ठी में नैनो उर्वरकों व ड्रोन तकनीक से लागत घटाने पर जोर

किसानों को नैनो तरल यूरिया, जैव उर्वरक व फार्मर आईडी के प्रति किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

इफको द्वारा वीरवार को जिला के गांव कागदाना में नैनो उर्वरकों के उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से फसल विचार गोष्ठी एवं निःशुल्क कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के समापन पर 300 जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क कंबल वितरित किए गए, जबकि कार्यक्रम में 500 से अधिक किसानों ने शिरकत की। इफको के निदेशक प्रहलाद सिंह गिल्लाखेड़ा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। प्रहलाद सिंह गिल्लाखेड़ा ने कहा कि अत्यधिक रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग से मृदा स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। जैव उर्वरक सागरिका एवं नैनो उर्वरकों के प्रयोग से रासायनिक खादों की मात्रा लगभग 50 प्रतिशत तक कम की जा सकती है। इससे मृदा स्वास्थ्य में सुधार, खेती की लागत में कमी, उत्पादन में वृद्धि तथा फसलों की गुणवत्ता में सुधार संभव है। उन्होंने कृषि में ड्रोन के माध्यम से कृषि आदानों के छिडक़ाव को भी एक बेहतर विकल्प बताया, जिससे श्रम और लागत दोनों में कमी आती है। इफको चंडीगढ से कृषि सेवाएं निरंजन सिंह ने किसानों को इफको के नैनो एवं विशिष्ट उर्वरकों के सही उपयोग की जानकारी दी। उन्होंने कृषि में ड्रोन तकनीक के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इफको उत्पादों के प्रयोग से किसान खेती की लागत घटाकर पैदावार बढ़ा सकते हैं। उन्होंने जैव उर्वरकों को भविष्य की खेती के लिए एक बेहतर विकल्प बताया।


सिरसा। किसान गोष्ठी में भाग लेते इफको निदेशक प्रह्लाद सिंह गिल्लाखेड़ा व अन्य।

### नैनो तरल यूनिया पर दी जानकारी

सिरसा के उपनिदेशक डॉ. सुखदेव कंबोज ने नैनो तरल यूरिया को एक उत्कृष्ट उत्पाद बताते हुए किसानों को इसके प्रयोग के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इससे मृदा स्वास्थ्य के साथ-साथ देश की आर्थिक स्थिति को भी मजबूती मिलेगी। साथ ही उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही फार्मर आईडी योजना के तहत पंजीकरण कराने के लिए किसानों को जागरूक किया। वैज्ञानिक, कपास अनुसंधान केंद्र, सिरसा डॉ.ऋषि कुमार ने आगामी कपास फसल की नवीनतम किस्मों एवं गुलाबी सुंडी की रोकथाम के संबंध में किसानों के साथ महत्वपूर्ण जानकारी साझा की।

**पुलिस ने जारी की एडवाइजरी**

### साइबर ठगों की नई ट्रिक कॉल मर्ज से रहें सावधान

**सिरसा।** जिला पुलिस ने एडवाइजरी जारी कर आमजन को साइबर फ्रॉड से आगाह करते हुए कहा कि आए दिन स्कैमर्स नए-नए हथकंडे अपना कर लोगों को अपने जाल में फंसा रहे हैं। आधुनिकता के इस युग में साइबर अपराधियों ने कॉल मर्ज स्कैम इजाद किया है, जिसमें युजर्स को शक की गुंजाइश नहीं रहती और आसानी से साइबर अपराधियों का शिकार हो जाता है। सिरसा के पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने गुरुवार को कहा कि साइबर अपराधी अब न ओटीपी पूछेंगे और न ही कोई लिंक या मेसेज भेजेंगे, बस कॉल मर्ज की इस नई ट्रिक से आपके अकाउंट में सेंध लगाकर पैसे उड़ा देंगे। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि यदि आपके मोबाइल नंबर पर किसी अनजान व्यक्ति का फोन कॉल आता है और कॉल करने वाला व्यक्ति यह दावा करता है कि मैंने आपका नंबर आपके किसी परिचित व्यक्ति से लिया है और इससे पहले उसी से बात कर रहा था और आपको भी कॉल मर्ज करने के लिए कहता है तो सावधान हो जाएं, क्योंकि गलती से भी यदि आपने कॉल मर्ज कर दिया तो आपका कॉल बैंक के ओटीपी वेरिफिकेशन कॉल से जुड़ जाएगा।